# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न

## 12 मार्च 2025

----

**कुल प्रश्न - 37**

----

### रेत/पत्थर खनन के लिए चिन्हित खण्डों की संख्या

81 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या खान एवं भू-विज्ञान विभाग मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) राज्य में रेत/पत्थर खनन के लिए सरकार द्वारा चिन्हित खण्डों की जिले-वार संख्या क्या है; तथा
(ख) रेत तथा पत्थर खनन के लिए सरकार द्वारा नीलाम किए गए खण्डों की जिले-वार संख्या क्या है तथा शेष खण्डों की नीलामी न करने के कारण क्या हैं?

----

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या

82 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में गत् 5 वर्षों में अंत्योदय अन्न योजना राशन कार्डों तथा बी.पी.एल कार्डों के संबंध में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों की वर्ष-वार तथा जिला-वार अलग-अलग संख्या कितनी है?

----

## बी.पी.एल परिवारों की संख्या

83 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गत् पांच वर्षों के दौरान राज्य में बी.पी.एल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; तथा
(ख) राज्य में बी.पी.एल परिवारों का दर्जा ए.पी.एल (गरीबी रेखा से ऊपर) परिवार में बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए पगों के परिणाम क्या हैं?

----

## सड़क सुरक्षा निधि का उपयोग

84 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि गत् पांच वर्षों के दौरान राज्य में एकत्रित और वितरित की गई सड़क सुरक्षा निधि वर्ष-वार तथा जिला-वार कितनी है तथा उन कार्यों की सूची क्या है जहां इसका उपयोग किया गया है?

----

## पंजाब परमिट बस सेवाओं को रोकना

85 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या परिवहन मंत्री कृपा बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला के बरवाला खंड में डेराबस्सी से बरवाला रूट पर पंजाब सरकार की परमिट वाली बस सेवाएं अवैध रूप से चलाई जा रही हैं तथा जिसके कारण परिवहन विभाग को वित्तीय नुकसान हो रहा है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त बस सेवाओं को बंद करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उक्त बस सेवाओं के कब तक बंद किए जाने की संभावना है?

----

## औषधालय खोलना

86 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) पंचकूला शहर के उन सेक्टरों की संख्या कितनी है जिनमें औषधालय सुचारू रूप से चल रहे हैं; तथा
(ख) क्या पंचकूला शहर के शेष सेक्टरों (जैसे 14 तथा 27) में औषधालय खोलने का कोई

प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## झुरीवाला डंपिंग ग्राउंड को स्थानांतरित करना

87 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि कई वर्षों पहले झुरीवाला डंपिंग ग्राउंड को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए योजना तैयार की गई थी;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि इस संबंध में पंचकूला नगर निगम पर राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा करोड़ों रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या झुरीवाला डंपिंग ग्राउंड को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है तथा इसकी अवस्थिति क्या है?

----

## नागरिक अस्पताल का दर्जा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में बढ़ाना

88 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2022-23 से आज तक नागरिक अस्पताल, पंचकूला से कितने मरीज राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सेक्टर 32 तथा पी.जी.आई चंडीगढ़ तथा अन्य अस्पतालों में रेफर किए गए हैं;

(ख) क्या पंचकुला के सेक्टर-6 के नागरिक अस्पताल का दर्जा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां,तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## लोहे का फुट ओवर ब्रिज का विस्तार करना

89 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रेलवे स्टेशन, समालखा के लोहे के फुट ओवर ब्रिज को लाइन-4 से नगर पालिका, समालखा के वार्ड नं. 16 की कॉलोनी तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अनाज मंडी में विकास कार्यों को निष्पादित करना

90 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बापौली की अनाज मंडी में निम्नलिखित विकास कार्य करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-
1. स्थायी पक्की फड़ का निर्माण करना;
2. किसान भवन में शेष कच्ची जगह पर सीमेंटिड टाइलें लगाना;
3. दुकान नंबर 45 से दुकान नंबर 92 तक की सड़क का पुनः निर्माण करना;
4. फड़ नंबर 2 पर नए शेड का निर्माण करना; तथा
ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## अनाज मंडी में सब्जी मंडी का निर्माण करना

91 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बापौली की अनाज मंडी में सब्जी मंडी का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## नगरपालिका का दर्जा नगर परिषद के रूप में बढाना

92 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा नगरपालिका का दर्जा नगर परिषद के रूप में बढाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करना

93 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 9901 के अंतर्गत भिवानी के गांव ढिगावा जाटान में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यालय का निर्माण कार्य करने के लिए वर्ष 2016 में 400.98 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था; तथा
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त बजट को घटाकर 286.63 लाख रुपये कर दिया गया था तथा उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य लम्बे समय से रुका हुआ है; यदि हां, तो उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू/पूरा किये जाने की संभावना है?

----

## राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य शुरू करना

94 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) जिला भिवानी में राजकीय महाविद्यालय, कुंडल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह तथ्य है कि उक्त महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के स्वीकृत 15 पदों में से 14 पद रिक्त हैं तथा उक्त महाविद्यालय में अस्थायी शिक्षक शिक्षण का कार्य कर रहे हैं; तथा
(ग) यदि हां, तो उपरोक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## लेक्चररों के रिक्त पदो को भरना

95 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि सावित्री बाई फुले कन्या महाविद्यालय, लोहारू में लेक्चररों के स्वीकृत 15 पदों में से 10 पद रिक्त हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## बाई-पासों का निर्माण करना

96 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़के ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला हिसार के गांव मुकलाण तथा चौधरीवास में बाई-पासों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त बाई-पासों का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## बस सेवाओं को पुनःआरम्भ करना

97 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हिसार से सिद्धमुख, सिवानी से आदमपुर तथा आदमपुर से बालसमन्द तक रूटों पर बस सेवाएं पुनः आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्रस्तावित जल घरों की प्रक्रिया पूरी करना

98 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि तलवंडी बादशाहपुर पंप हाउस, भर्री पर प्रस्तावित जल घर की प्रक्रिया कब तक पूरी किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

99 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करने के लिए सरकार की कोई योजना है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## आई.एम.टी स्थापित करना

100 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उपचुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में आई.एम.टी. स्थापित करने की घोषणा की गई थी; तथा
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त आई.एम.टी. स्थापित करने के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा इसमें देरी के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## राइस मील स्थापित करना

101 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या सहकारिता मंत्री यह कृपया बताएंगे कि:
(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उपचुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में राइस मील स्थापित करने की घोषणा की गई थी; तथा
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त राइस मील स्थापित करने के लिए क्या पग

उठाए जा रहे हैं तथा इसमें देरी के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्रदान करना

102 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बतायेंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि श्री राजेश कुमार, जोकि केंद्रीय सहकारिता बैंक शाखा, गांव खिज़रपुर अहीरमाजरा, गन्नौर, सोनीपत में अनुबंध आधार पर एच.के.आर.एन के द्वारा सेवादार के पद पर नियुक्त था, की अचानक मृत्यु होने पर उसकी पत्नी श्रीमती ललिता ने उक्त मृतक कर्मचारी की आश्रिता होने के कारण, जुलाई, 2024 में अनुकंपा आधार पर नौकरी/नियुक्ति के लिए आवेदन किया था;

(ख) उपरोक्त मामले में अब तक सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा देरी के कारण क्या हैं;

(ग) इस देरी के लिए जिम्मेदवार अधिकारी/ कर्मचारी का ब्यौरा क्या है तथा ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(घ) श्रीमती ललिता पत्नी स्वर्गीय श्री राजेश कुमार, सेवादार को अनुकंपा के आधार पर नौकरी/ नियुक्ति कब तक मिलने की संभावना है?

----

## चार मार्गी सड़क का निर्माण कार्य पूरा करना

103 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बतायेंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह से अलवर सीमा को राष्ट्रीय राजमार्ग-248 ए तक सड़क को चार मार्गी बनाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं; तथा

(ख) उपरोक्त सड़क का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## बंदरों के आंतक की समस्या का समाधान करना

104 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बतायेंगे कि:-

क) राज्य में बंदरों के आतंक की समस्या का सामना करने वाले शहरों की संख्या कितनी है तथा उक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या

उठाए जाने की संभावना है; तथा
ख) पिछले वर्ष से सरकार द्वारा बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाए गए शहरों/गांवों की संख्या क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालय में कक्षाएं शुरू न करने के कारण

105 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बतायेंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि जिला नूंह के गांव चिलावली जयसिंहपुर में चार वर्ष पूर्व निर्मित राजकीय मॉडल विद्यालय अभी तक शुरू नहीं हुआ है;
(ख) इस राजकीय मॉडल विद्यालय में कक्षाएं शुरू न होने के कारण क्या हैं इस संबंध में जिम्मेवार व्यक्तियों का ब्यौरा क्या हैं; तथा
(ग) उक्त विद्यालय का भवन पिछले एक वर्ष से अधिक समय से पुलिस आवास के लिए उपलब्ध कराने के कारण क्या हैं?

----

## सामुदायिक केंद्र की प्रॉपर्टी आई.डी का ब्यौरा

106 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, रोहतक के अंतर्गत मॉडल टाउन, 169-आर के पास एक सामुदायिक केंद्र है, जिसे पहले मॉडल टाउन कल्याण संघ द्वारा संचालित किया जाता था; तथा
(ख) उक्त सामुदायिक केंद्र की प्रॉपर्टी आई.डी. का ब्यौरा तथा इस भवन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

----

## अंडर पास का निर्माण

107 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रोहतक में कच्चा बेरी सड़क से श्मशान घाट तक अंडरपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना

108 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः
(क) राज्य के राजकीय विद्यालयों में पी.जी.टी., टी.जी.टी., तथा जे.बी.टी. शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा उनका कैडर-वार तथा जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य के राजकीय विद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत शिक्षकों की संख्या कितनी है तथा उनका कैडर-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त विद्यालयों में नियमित, अनुबंध आधार तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों का ब्यौरा क्या है;
(घ) उपरोक्त विद्यालयों में रिक्त पदों का कैडर-वार तथा जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा
(ड़) उपरोक्त विद्यालयों में रिक्त पदों (सामान्य, ओबीसी, एस.सी., ई.एस.एम. तथा स्पोर्ट्स पर्सन इत्यादि का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है तथा इन पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## तालाब का सौन्दर्यकरण करना

109 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव डोभ में तालाब के सौंदर्यकरण के लिए 4 वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी; तथा
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अभी तक क्या पग उठाए गए हैं?

----

## आखिरी छोर तक पानी की आपूर्ति करना

110 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में मोखरा माइनर के साथ बड़ा क्षेत्र जुड़ा होने के कारण उसके अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है; यदि हां, तो इसके अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा
(ख) क्या उक्त माइनर की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक नई माइनर का निर्माण करना

111 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ढाकल हैड से सुदकन हैड तक एक नई माइनर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक पार्क का निर्माण करना

112 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उचाना कस्बे में एक पार्क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बिजली की आपूर्ति स्थानांतरित करना

113 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि
(क) क्या गांव ढाणी कतुबपुर, ढ़ाणी ठाकरिया, ढाणी पुरिया तथा ढाणी गुजरान, की बिजली लाइन को गांव उमरा से हटाकर हांसी शहर की लाइन में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बिजली लाइन को गांव उमरा की लाइन से हटाकर हांसी शहर की लाइन में कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## टोमॅटो सॉस फैक्टरी स्थापित करना

114 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बाढ़डा एक पहाड़ी क्षेत्र है तथा पहाड़ियों से सटी भूमि पर टमाटर की खेती की जा रही है; तथा
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि किसानों को अपनी टमाटर की फसल बेचने के लिए पास के शहर में जाना पड़ता है; यदि हां, तो बाढड़ा क्षेत्र में सरकारी टोमॅटो सॉस फैक्टरी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जैविक खेती की वर्तमान स्थिति

115 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में जैविक खेती की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस अडडे का निर्माण करना

116 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र का निर्माणाधीन बस स्टैंड कब तक सुचारू रूप से शुरू किये जाने की संभावना है; तथा
(ख) इसके निर्माण में देरी के कारण क्या हैं?

----

## सड़क का निर्माण करना

117 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) पेहवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव कराह साहिब से गांव अधोया तक सडक की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा
(ख) क्या उपरोक्त सडक का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----